पंजाब केसरी 21/11/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में एन.सी.सी. गर्ल्स विंग का नशा मुक्ति कार्यक्रम सम्पन्न

अम्बाला, 20 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में बुधवार को एन.सी.सी. गर्ल्स विंग द्वारा नशा मुक्ति विषय पर चलाए गए तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम के पहले दिन कैडेट्स द्वारा नशा मुक्ति विषय पर पोस्टर बनाए गए। कैडेट्स ने कॉलेज में विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्रों के साथ नशा मुक्ति से संबंधित अपनी राय सांझा की। दूसरे दिन एन.सी.सी. गर्ल्स विंग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें नशामुक्त भारत अभियान की प्रतिनिधि

जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित नशा मुक्ति कार्यक्रम में भाग लेतीं एन.सी.सी. गर्ल्स कैडेट्स। (देवदत्त)

डा. सरोज बाला मुख्य अतिथि रहीं। इस सत्र का उद्देश्य कैडेट्स को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करना था, ताकि वे अपने आसपास जागरुकता फैला सकें।

कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को कॉलेज प्रांगण में मौजूद महात्मा गांधी जी की प्रतिमा को कैडेट्स ने स्वच्छ किया एवं साथ ही कॉलेज के गांधी ग्राउंड में भी स्वच्छता अभियान चलाया। कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने एन.सी.सी. गर्ल्स विंग के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान समय-समय पर होते रहना चाहिए। सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने बताया कि यह सभी गतिविधियां एक हर हरियाणा बटालियन के आदेश अनुसार की गई हैं।